<u>कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा सितंबर, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य</u>

I. स्थापना प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना:

i. दिनांक 02.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए-27018/02/2022-स्था.(छुट्टी और भत्ते) के माध्यम से जोखिम भत्ते के संबंध में समेकित अनुदेश जारी किए गए थे।

ii. दिनांक 08.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए-37013/01/2018-स्था.(छुट्टी और भत्ते) के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों द्वारा शुल्क की स्वीकृति के संबंध में अनुदेश जारी किए गए थे।

iii. दिनांक 12.09.2022 को केंद्रीय सिविल सेवा (कार्यभार ग्रहण करने का समय) नियम, 1979 के संबंध में समेकित अनुदेश जारी किए गए।

iv. दिनांक 02.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 13018/1/2021-स्था.(छुट्टी) के माध्यम से मृत प्रसव (स्टिल वर्ष)/जन्म के तुरंत बाद किसी बच्चे की मृत्यु के मामले में 60 दिनों का विशेष मातृत्व अवकाश देने के संबंध में अनुदेश जारी किए गए थे।

v. दिनांक 12.09.2022 के का.ज्ञा. सं. ए-24011/22/2022-स्था.(छुट्टी) के माध्यम से कश्मीर घाटी में केंद्र सरकार के नियंत्रण में आने वाले संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 01.08.2021 से आगे तीन साल की अवधि के लिए विशेष छूट/प्रोत्साहन का विस्तार करने के संबंध में अनुदेश जारी किए गए थे।

vi. केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियमावली, 1972 को 19.09.2022 को अद्यतन किया गया।

vii. दिनांक 20.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या एबी-14017/4/2021-स्था.(आरआर) के माध्यम से सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा पदोन्नति के लिए संशोधित अर्हता सेवा का पालन करने के अनुदेश जारी किए गए हैं ।

viii. दिनांक 15.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या एबी-14017/13/2022-स्था.(आरआर) के माध्यम से संगठित समूह 'क' सेवाओं के संबंध में गैर-कार्यात्मक अपग्रेडेशन के संबंध में समेकित अनुदेश जारी किए गए हैं।

ix. दिनांक 23.09.2022 को डीओपीटी की वेबसाइट पर 'सरकारी कर्मचारी द्वारा सेवा मामलों पर दायर शिकायतों के निवारण' के संबंध में समेकित सूचना दस्तावेज अपलोड किया गया है।

x. डीओपीटी के दिनांक 13.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11013/14/2022-स्था.ए-III के माध्यम से 'प्रशासन और संसद सदस्यों और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों के बीच आधिकारिक व्यवहार-उचित प्रक्रिया का पालन' के संबंध में समेकित दिशा-निर्देश जारी किए गए।

xi. दिनांक 30.09.2022 को डीओपीटी की वेबसाइट पर कैजुअल लेबर के संबंध में समेकित सूचना दस्तावेज अपलोड किया गया है।

II. चयन और नियुक्तियां

i. सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) - 2021 के उम्मीदवार के सेवा आवंटन की तीसरी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कुल 593 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाएं आवंटित की गई हैं।

ii. दिनांक 29.09.2022 की अधिसूचना के माध्यम से महाराष्ट्र संवर्ग की भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति द्वारा 05 नियुक्तियां की गईं।

iii. दिनांक 15.09.2022 की अधिसूचना के माध्यम से गुजरात संवर्ग की भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन द्वारा कुल 01 नियुक्ति की गई थी।

iv. दिनांक 28.09.2022 को माननीय राज्य मंत्री (कार्मिक) की अध्यक्षता में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के प्रधान सचिवों (कार्मिक/जीएडी) का एक वार्षिक सम्मेलन सीएसओआई, के. जी. मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें भर्ती, सेवाएं, सतर्कता और आईएएस के प्रशिक्षण संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

v. सितंबर 2022 माह के दौरान निम्नलिखित मामलों पर कार्रवाई की गई और उन्हें अनुमोदित किया गया।

क) अंतर-संवर्गीय स्थानांतरण - 02

ख) अंतर-संवर्गीय प्रतिनियुक्ति - 01

vi. एजीएमयूटी (मिजोरम खंड), बिहार और गुजरात संवर्गों के एससीएस/गैर-एससीएस से आईएएस में शामिल होने वाले 29 अधिकारियों की वरिष्ठता के निर्धारण के आदेश जारी किए गए थे।

vii. पीईएसबी, डीओपीटी द्वारा निदेशकों के 07 (सात) पदों और सीएमडी के 01 (एक) पद के लिए विज्ञापन जारी किए गए। सीएमडी/एमडी के पद के लिए 04 (चार) चयन बैठक आयोजित की गई थीं और निदेशकों के पद के लिए 12 (बारह) चयन बैठकें आयोजित की गई थीं।

viii. एसओ/स्टेनो (ग्रेड I/ग्रेड बी) एलडीसीई 2016 और 2017 के परिणामों के आधार पर, दिनांक 23.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से चयन सूची 2016 और 2017 के लिए 468 अधिकारियों को अनुभाग अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया था।

ix. कर्मचारी चयन आयोग ने 17.09.2022 को संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2022 की सूचना प्रकाशित की है।

इसके अलावा, कर्मचारी चयन आयोग ने निम्नलिखित परिणाम घोषित किए हैं:

क) दिनांक 23.09.2022 को आशुलिपिक समूह 'ग' और 'घ' परीक्षा 2020 की कौशल परीक्षा।

ख) दिनांक 27.09.2022 को अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई), 2017 का पेपर-II आयोजित किया गया।

III. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. 2020 बैच के आईएएस अधिकारियों, जिन्हें प्रतिनियुक्ति के तहत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात किया गया है, ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति से 14 सितंबर, 2022 को 18.00 बजे उपराष्ट्रपति भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली में मुलाकात की।

ii. नीति आयोग के सीईओ श्री परमेश्वरन अय्यर ने 16 सितंबर, 2022 को अपराह्न 3.00 बजे सीएसओआई, विनय मार्ग पर सहायक सचिवों के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया।

iii. दिनांक 26.08.2022 के आदेश संख्या 6/22/2022-ईओ (एसएम II) के अनुसार बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य निदेशक की नियुक्ति की पुष्टि करने के लिए एसपीवी बोर्ड द्वारा एक परिपत्र संकल्प पारित किया गया था।

iv. एसपीवी के संचालन के लिए तत्काल आवश्यकता के रूप में वित्तीय प्रबंधन मैनुअल और प्रोक्योरमेंट मैनुअल की तैयारी पूरी की गई।

v. क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) ने निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की हैं:

(क) दिनांक 13 सितंबर 2022 को क्षमता विकास आयोग द्वारा भारतीय आर्थिक सेवा अधिकारियों के लिए कर्मयोगी अभिप्राय सर्वेक्षण की शुरूआत भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन) द्वारा की गई।

(ख) स्किल इंडिया मिशन के तहत सिविल सेवकों के कौशल को बढ़ाने के लिए सीबीसी, आईएसबी कार्यकारी शिक्षा और कौशल विकास मंत्रालय के बीच नीतिपरक गठजोड़ के भाग के रूप में 19 से 23 सितंबर, 2022 तक इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) में क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(ग) दिनांक 21 सितंबर, 2022 को माननीय युवा मामलों और खेल और सूचना प्रसारण मंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (यूनिटार) और सीबीसी के सहयोग से 'नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) भारत' के स्वयंसेवकों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू किया गया।

(घ) क्षमता विकास आयोग, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) का कार्यालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'बिल्डिंग साइंस लीडर्स इन इंडिया' का विकास करने और उसे सौंपने के लिए सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एंड इकोनॉमिक रिसर्च (सीटीआईईआर) और अहमदाबाद विश्वविद्यालय के साथ काम किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो दिवसीय ऑनलाइन कक्षाओं (7-8 सितंबर, 2022) के साथ शुरू हुआ तथा बाद में 27 से 30 सितंबर, 2022 तक बैंगलोर में ऑफ़लाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने 29 सितंबर, 2022 को 'बिल्डिंग साइंस लीडर्स इन इंडिया' के संबंध में फिजिकल पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया।

(ड.) खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी की अध्यक्षता में क्षमता विकास आयोग और खान मंत्रालय की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय के लिए कार्य आरंभ करने पर विचार किया गया।

IV. विशेष अभियान

सितंबर 2022 में, 38535 लोक शिकायतों में से 34141 लोक शिकायतों का निवारण किया गया, जिसमें 3366 का बैकलॉग भी शामिल है। रिकॉर्ड प्रबंधन के भाग के रूप में, 256 फाइलों की समीक्षा की गई और 105 फाइलों को हटा दिया गया और 05 अंतर-मंत्रालयी कैबिनेट संदर्भों का निपटारा किया गया।

V. केंद्रीय सेवाएं मामले

क) दिनांक 22.09.2022 की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से केंद्रीय सचिवालय सेवा नियमावली, 2009 में संशोधन किया गया था।

VI. कल्याण मामले

क) 25 सितंबर, 2022 को जेएलएन स्टेडियम में वाईएचएआई के सहयोग से सीसीएससीएसबी द्वारा हाफ मैराथन का आयोजन किया गया था । इस आयोजन में 1200 से अधिक लोगों ने भाग लिया था। यह सीसीएससीएसबी द्वारा आयोजित तीसरा मैराथन था। इस आयोजन में 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी मैराथन शामिल थे।

ख) 30.08.2022 से 07.09.2022 तक जीकेके, राजा बाजार में अंतर मंत्रालयी कैरम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की कुल 15 टीमों ने भाग लिया।

ग) दिनांक 12.09.2022 से 23.09.2022 तक जेएलएन स्टेडियम में अंतर मंत्रालयी टेबल टेनिस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की कुल 23 टीमों ने भाग लिया।